**CAFE/DAFE**

1. एचआईवी और परिवार शिक्षा में प्रमाणपत्र (सीएएफई)

2. एचआईवी और परिवार शिक्षा में डिप्लोमा (डीएएफई)

# सत्रीय कार्य-2025

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली

# सत्रीय कार्य भेजने के लिए अनुसूची

प्रिय विद्यार्थी

हमें उम्मीद है कि आप सीएएफई (CAFE) /डीएएफई (DAFE) कार्यक्रम मार्गदर्शिका को ध्यानपूर्वक पढ़ चुके होंगे। हमने इस मार्गदर्शिका में यह समझाया है कि इग्नू को सत्र–समाप्ति की परीक्षा में पात्र बनने के लिए दिये गये सत्रीय कार्य को निश्चित समयाविधि में पूरा करना आवश्यक है। सीएएफई /डीएएफई के सभी सत्रीय कार्य अध्यापक चिन्हित सत्रीय कार्य (टीएमए) एवं सतत मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा है।

सीएएफई /डीएएफई के लिए जो सत्रीय कार्य हैं वे सभी पाठ्यक्रमों के लिए भी होंगे। आपको अलग–अलग सत्रीय कार्य, बीएफई–101, बीएफई–102 और बीएफईई–101 से बीएफईई–104 पर आधारित दिये जा रहे हैं। (जनवरी 2025 और जुलाई 2025 के लिए पंजीकृत छात्रों के लिए)। **सत्रीय कार्य लिखने से पहले, आप कार्यक्रम मार्गदर्शिका में दिये गये निर्देश और पाठ्यक्रम सामग्री को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।** उत्तर लिखने से पहले सत्रीय कार्य सम्बन्धित निर्देशों को ध्यान से पढें। अगर आपको पाठ्यक्रम और सत्रीय कार्य से सम्बन्धित कोई सन्देह या समस्या है तो आप अपने अध्ययन केन्द्र में सम्बन्धित शैक्षिक सलाहकार से सम्पर्क करें।

आपसे अनुरोध है कि आप पहले पाठ्यक्रम सामग्री को पढें और तब उसके बाद सत्रीय कार्य को निर्देशों के अनुसार तैयार करें। आपके उत्तर, शाब्दिक सामग्री/ब्लॉक जो आपको स्वयं के सीखने के उद्देश्य से दी गयी है से शब्दशः नकल नहीं होना चाहिए। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिएं।** कृपया अपने सत्रीय कार्य के उत्तर दी गयी तारीख के पहले जो कि आपकी रसीद पर उल्लेखित है, अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा करें। आप से उम्मीद की जाती है कि आप सत्रीय कार्य की एक कार्बन कॉपी या फोटो कॉपी भविष्य में किसी भी सन्दर्भ या प्रयोग के लिए रखें।

**कृपया परीक्षा में बैठने से पहले सत्रीय कार्य जमा करें। नवीनतम जानकारी के लिए इग्नू वेबसाइट देखें।**

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए आपको ढेर सारी शुभकामनाएँ।

**(डॉ. जी. महेश)**
**कार्यक्रम समन्वयक**
**ई मेल : gmahesh@ignou.ac.in**
**फोन : 011 – 29571694**

# एच.आई.वी. / एड्स के मूल तत्व (बीएफई–101)

**पाठ्यक्रम कोड : बीएफई–101**

**अधिकतम अंक : 100**

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग **500** शब्दों में) दीजिए।

   i) व्यक्तियों और परिवारों पर एचआईवी / एड्स के सामाजिक–आर्थिक प्रभाव की जांच करें। 20

   ii) एचआईवी / एड्स की रोकथाम और प्रबंधन में समुदाय–आधारित हस्तक्षेपों के महत्व पर चर्चा करें। 20

   iii) एचआईवी / एड्स से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में पोषण की भूमिका का विश्लेषण करें। 20

   iv) भारत में एचआईवी / एड्स से पीड़ित लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानूनी ढांचे की व्याख्या करें। 20

   v) एचआईवी / एड्स के खिलाफ कलंक और भेदभाव को कम करने में जनसंचार माध्यमों की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। 20

2. निम्नलिखित में से किन्हीं भी **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **250** शब्दों में दीजिए।

   i) एचआईवी / एड्स से संबंधित प्रमुख मिथकों और गलत धारणाओं और रोकथाम के प्रयासों पर उनके प्रभाव का वर्णन करें। 10

   ii) ग्रामीण क्षेत्रों में एचआईवी / एड्स से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में चुनौतियों पर चर्चा करें। 10

   iii) एचआईवी / एड्स प्रबंधन के लिए शीघ्र निदान और उपचार पालन के महत्व की व्याख्या करें। 10

   iv) एचआईवी / एड्स की रोकथाम में स्वैच्छिक परामर्श और परीक्षण (वीसीटी) केंद्रों की भूमिका का विश्लेषण करें। 10

   v) एचआईवी / एड्स से पीड़ित लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर कलंक के प्रभाव पर चर्चा करें। 10

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं भी **पांच** पर लगभग **150** शब्दों में लघु नोट लिखें।

   i) पोस्ट–एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (पीईपी) और प्री–एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (पीआरईपी) 6

   ii) एचआईवी / एड्स से पीड़ित कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल नीतियाँ 6

   iii) एचआईवी / एड्स जागरूकता में सहकर्मी शिक्षा की भूमिका 6

   iv) एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (एआरटी) और इसका महत्व 6

   v) एचआईवी / एड्स और सह–संक्रमण 6

   vi) एचआईवी / एड्स जागरूकता और रोकथाम में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका 6

   vii) एचआईवी की रोकथाम में कंडोम प्रचार की भूमिका 6

   viii) भारत में एचआईवी / एड्स नियंत्रण के लिए सरकारी पहल और कार्यक्रम 6